## एक नजर में

### एलईडी बल्व और सीरीज निर्माण का प्रशिक्षण

**खाचरौद।** शासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम बुरानादाबाद एवं संडावदा में ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं को एलईडी बल्ब एवं सीरीज निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद की प्रबंधक वैष्णवी धाकड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दोनों गांवों में आयोजित 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में करीब 65 महिलाओं को तकनीकी एलईडी बल्ब एवं सीरीज निर्माण करने का प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्रशिक्षित महिलाएं अपने स्वयं के हुनर से बल्ब एवं सीरीज का निर्माण कर आर्थिक स्वावलंबी बनेगी। इसी तरह मध्य प्रदेश डे ग्रामीण आजीविका मिशन ने गांव की महिलाओं को को एक नई विशेष पहचान दिलाई है। स्व सहायता समूहों के द्वारा बनाए गए उत्पाद आज देश भर में लोकप्रिय हो रहे है और महिलाओं की उद्यमशीलता को बढ़ावा मिल रहा है। राज्य एवं केंद्र सरकार के सहयोग से ग्रामीण महिलाएं बड़े-बड़े मंचों पर अपने उत्पादों को पहचान दिला रही है। इस अवसर पर ग्रामीण आजीविका मिशन के रविंद्र डाबर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाऐ उपस्थित रहीं।

### नगर परिषद की निष्क्रियता से व्यवस्था चरमराई

**माकड़ोन।** कुंभकरण की तरह 6 माह सोती है नगर परिषद, सिर्फ एक दिन काम करती है। बाजार में दिनभर लगता है जाम। जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान तो गड्ढों से ग्रामीण जन व नगर वासी परेशान। कार्य में देरी नल जल योजना से भी वंचित नगर वासी। कुछ क्षेत्र में नल कनेक्शन के पाइप खुले पड़े तथा कुछ जगह पर अभी भी ग्रामीण नल कनेक्शन का इंतजार कर रहे हैं। अस्त व्यस्त कार्य पूरे नगर क्षेत्र में आवागमन जगह-जगह ऊंचे नीचे गड्ढे खुले हुए हैं। इसके अलावा भी नगर परिषद में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। फुटपाथ पर रखा दुकान का सामान पैदल राहगीरों के लिए निकलने की जगह नहीं। नगर में रोज सफाई की व्यवस्था अच्छी करें। नगर परिषद कीटनाशक का भी छिड़काव करवाए, सड़कों पर मवेशी यातायात प्रभावित करते हैं। शासन प्रशासन की अनदेखी से अतिक्रमण कारियों को राजनीति संरक्षण मिल रहा है।

### लायन्स क्लब उज्जैन क्लासिक ने चरक वाटिका में रौपे 200 पौधे

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक द्वारा वृक्ष मित्र सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में चरक वाटिका, विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में विशाल पौधारोपण कार्यक्रम में 200 छायादार व फलदार पौधे लगाए गए।

मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव सुशील पोरवाल व विशिष्ट अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज, जोन चेयरपर्सन लोकेन्द्र भूतड़ा थे। इस अवसर पर कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने जल संरक्षण हेतु परिसर में 10,000 लीटर क्षमता के लगभग 7 जल गड्ढे खुदवाने का सुझाव दिया। जिसे क्लब के सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार किया। रजनीश व्यास, विपुल सहगल, खोजेमा नलवाला, पूर्व रीजन चेयर पर्सन संतोष अग्रवाल आदि सदस्यों ने इस कार्य में तत्परता दिखाई। जोन चेयरपर्सन लोकेन्द्र भूतड़ा ने वृक्ष मित्र समिति को 2 फावड़े और 2 गेती भेंट की गई। गोपाल परमार ने घर से लाए आम और जामुन के पौधे वृक्ष मित्र समिति के अध्यक्ष अजय भातखंडे को सौंपे। क्लब द्वारा वृक्ष मित्र समिति को 7000 रुपए का चेक भी भेंट किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रविंद्र वि. मुले, सचिव विपुल सहगल, कोषाध्यक्ष गोपाल परमार, शैलेष मित्तल, जितेन्द्र गर्ग, अजय खत्री, केके मित्तल, सहित कई सदस्यगण व क्लब की प्रथम महिला सुनीता मुले, अस्मिता भातखंडे, बबीता मित्तल, कंचन कृष्णानी आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संयोजक अजय भातखंडे, कुलदीप मुंडे, खोजेमा नलवाला, आकाश गांधी, पुनीत पांचाल, पवन विश्वकर्मा, राजेश जायसवाल थे।

### स्वर समर्पण, प्रयास के स्वर, गुरु के चरणों में समर्पित

#### पूर्व छात्र उज्जैन में हुए एकत्रित, शिष्यों को सिखाई जीवन जीने की कला



**उज्जैन।** गुरु सिर्फ ज्ञान नहीं देते, वो जीवन गढ़ते हैं इसी भावना को साकार करता हुआ एक भावनात्मक और प्रेरणास्पद आयोजन स्वर समर्पण का आयोजन प्रयास संगीत एवं चित्रकला संस्थान के पूर्व छात्रों द्वारा 13 जुलाई को किया गया। जहां पर उज्जैन सहित विभिन्न शहरों से सभी पूर्व छात्र उज्जैन में एकत्रित हुए। यह पूरा दिन गुरु अनिल जोशी को समर्पित रहा। एक ऐसे बहुआयामी गुरु, जिन्होंने न केवल संगीत, बल्कि मेहंदी, चित्रकला, वाद्य और जीवन जीने की कला भी शिष्यों को सिखाई। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन का पावन अवसर अनिल सर द्वारा किया गया। इसके बाद गुरु को समर्पित संगीतात्मक वंदना, फिर संस्थान के पूर्व शिष्यों द्वारा गुरु का अभिनंदन और फिर स्वयं गुरु अनिल जोशी द्वारा दिए गए आशीर्वचन ने सभा को गहरे भाव में डुबो दिया। कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक भाग तब आया जब प्रयास संगीत संस्थान के वरिष्ठ व कनिष्ठ पूर्व शिष्यों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रत्येक शब्द में संस्कार की मिठास और गुरु के प्रति आदर की झलक थी। विशेषकर जब मंच पर सभी ने ने अपने अनुभव बाँटे, तो सभागार में उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो उठीं। उन्होंने गुरुजी की प्रेरणा, साधना, और उस अद्भुत मार्गदर्शन को शब्दों में पिरोया। जिसे केवल अनुभव किया जा सकता है। पूरा माहौल रौंगटे खड़े कर देने वाला, अत्यंत भावविभोर, और जीवन भर की स्मृति देने वाला बन गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और गुरुचरणों में सामूहिक नमन के साथ हुआ। स्वर समर्पण सिर्फ एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि एक पीढ़ी द्वारा अपने गुरु के चरणों में अर्पित श्रद्धासुमन रहा।

### पंडिया को बनाया चारद्वार साइकिल यात्रा-2025 का प्रभारी

**उज्जैन।** सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल द्वारा आयोजित चारद्वार साइकिल यात्रा- 2025 के लिए संस्था के सदस्य युवा व्यवसायी अमित पंडिया को यात्रा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं यात्रा का सह प्रभारी संस्था के सचिव विवेक मेश्राम को नियुक्त किया है। यह जानकारी सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह ने दी।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने प्रारंभ की योग क्लास

#### नि:शुल्क योग क्लास पूरे मध्य प्रदेश में जूम पर ऑनलाइन लगाई




**उज्जैन।** अपने आप को स्वस्थ रखने, सभी को योग और प्राणयाम के लाभ बताने एवं सिखाने के उद्देश्य के साथ अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन उज्जैन प्रमुख शाखा द्वारा योग क्लास के रूप में स्थाई प्रोजेक्ट भगवान शिव की आराधना करके शुरू किया। शुभारंभ अवसर पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण योग शिक्षिका रुचि गांधी द्वारा किया गया। शाखा द्वारा नि:शुल्क योग क्लास पूरे मध्य प्रदेश में जूम पर ऑनलाइन लगाई गई जिसमें बड़ी संख्या में बहनों ने लाभ प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं मध्य प्रदेश तकनीकी प्रमुख राजकुमारी माहेश्वरी ने बताया कि शाखा संस्थापक संतोष सोडाणी, शाखा अध्यक्ष पिंकी जैन, पूर्व अध्यक्ष संगीता भूतड़ा, सविता गुप्ता की उपस्थिति में स्थाई प्रोजेक्ट योगा क्लास की नींव रखी गई। इस दौरान कोषाध्यक्ष ज्योति बेवाल, आरती सोडाणी, कुसुम भूतड़ा, सीमा भानु प्रिया, तृप्ति परवाल, आशा झालानी, रंजना सामरिया, सरिता त्रिपाठी, अनीता झालानी, शोभा अग्रवाल, शोभा मूंदड़ा, विष्णुकांत भूतड़ा, लाज भूतड़ा, ऊषा झवर, एकता झवर, मंजू गोइदानी, अलका दास, इंदिरा रावत, शशि झालानी, पायल राठी, रानी गुप्ता, हेमा समदानी सहित सभी बहने भी मौजूद थी। सभी बहनों ने योग के साथ प्राणायाम सीखा। यह क्लास निरंतर जारी रहेगी।

# नगर निगम कर्मचारी संघों ने 5वें दिन भी किया प्रदर्शन




**उज्जैन।** सोमवार को नगर निगम गेट पर 5वें दिन सहायक यंत्री साहिल मेदावाला को निलंबित करने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन दिया। सोमवार को कर्मचारियों ने पूरे निगम परिसर में साहिल मेदावाला को निलंबित करो और उनकी प्रतिनियुक्ति वापस लो के नारे लगाते हुए आयुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया और तत्पश्चात निगम गेट पर जमकर नारेबाजी की गई।

गुरुवार को नगर निगम उज्जैन के शिल्पज्ञ विभाग में पदस्थ लिपिक शैलू धंधोरिया को नगर निगम सिंहस्थ प्रकोष्ठ के प्र. कार्यपालन यंत्री साहिल मेदावाला ने अभद्रता करते हुए श्री धंधोरिया से गाली-गलौच की, अपशब्दों का प्रयोग किया और कहा कि तू मेरे कमरे में कैसे आ गया। तू आज के बाद मेरे को दिखना मत। इस पर श्री धंधोरिया ने शिल्पज्ञ विभाग के कार्यालय अधीक्षक सुधीर भारती को घटना से अवगत कराया। इस पर श्री भारती, सहायक यंत्री साहिल मेदावाला से बात करने के लिये सिंहस्थ प्रकोष्ठ गये। श्री भारती ने उनको समझाना चाहा तो उन्होंने उनके साथ भी अभद्रता की और कहा कि तुम दोनों अभी मेरे कमरे से निकल जाओ और वापस मत आना।

सोमवार को प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ अध्यक्ष डॉ. पवन व्यास ने कहा कि ऐसे बदतमीज अधिकारियों को उज्जैन से बाहर कर दिया जाना चाहिये। शाजापुर में कलेक्टर ने अधिनस्थ कर्मचारी से अभद्र व्यवहार किया था तो मुख्यमंत्री ने तुरंत कलेक्टर को हटा दिया था। हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्रीजी अपने गृहनगर में नगर निगम अधिकारियों की कर्मचारियों के प्रति अभद्र व्यवहार पर संज्ञान लेंगे।

तीनों कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कहा कि कर्मचारियों के प्रति ऐसी घटनाएं शर्मनाक हैं। हमें पूरी ताकत से एक होकर इस आंदोलन को जारी रखना है और जब तक सहायक यंत्री साहिल मेदावाला पर कार्यवाही नहीं की जाती है, तब तक हमें इसी प्रकार से प्रदर्शन करना है। हमें और बड़ी संख्या में एकजुट होने की आवश्यकता है, जिससे आगे भी किसी अधिकारी द्वारा इस प्रकार की घटना को अंजाम देने से पहले सोचना पड़े। मंगलवार को भी और अधिक संख्या में इकट्ठा होना है।

इसी प्रकार स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के रमेशचंद्र रघुवंशी, नितिन मुसले, सफाई कामगार संघ के चंदगीराम पहलवान, अल्काब भाई, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के रमेशचंद्र निगम, मनसुख मेहरवाल, अजयप्रकाश मेहता आदि ने भी संबोधित किया। मंगलवार को भी दोपहर 1 बजे अधिक से अधिक संख्या कर्मचारियों से उपस्थित रहने की अपील की है। इसी अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।




## लक्ष्य शर्मा ने स्वर्ण पदक, लय शर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया

उज्जैन। मंदसौर में हुई पांचवी फुल कॉन्टैक्ट राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा ने स्वर्णिम सफलता प्राप्त की। 11 जुलाई से 13 जुलाई तक आयोजित हुई राज्य स्तरीय फुल कांटेक्ट कराटे प्रतियोगिता मंदसौर में सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा को स्वर्णिम सफलता प्राप्त करने पर स्कूल की प्राचार्य सिस्टर विनीता और मैनेजर फादर जैकब ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की। खेल प्रशिक्षक और कराटे कोच ज्वलंत शर्मा के सुपुत्र लक्ष्य शर्मा ने स्वर्ण पदक साथ ही लय शर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लायंस क्लब के इतिहास में पहली बार शिप्रा क्लब की ऐतिहासिक शपथ विधि

**उज्जैन। लायंस क्लब उज्जैन शिप्रा की ऐतिहासिक शपथ विधि देवास रोड स्थित आश्रय होटल में नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुई।**

सचिव दीपक राजवानी ने बताया कि शपथ अधिकारी एमजेएफ वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय लायन पंकज मारु ने अपने ऐतिहासिक अंदाज में क्लब के पदाधिकारी को शपथ दिलवाई। साथ ही पहली बार सचिव लायन दीपक राजवानी, सहसचिव अमित घारियां एवं विजय शाह को परेड कराकर शपथ दिलवाई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन प्रवीण खंडेलवाल एवं क्लब की प्रथम महिला नीता खंडेलवाल शाहिद तीनों उपाध्यक्षों को सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी द्वारा पुष्प वर्षा कर स्टेज पर लाया गया। जहां पर शपथ अधिकारी पंकज मारु ने उन्हें भी ऐतिहासिक शपथ दिलवाई। शपथ के साथ ही पूरा हाल तालियों से गूंज उठा। पश्चात लायन अजय गुप्ता ने नए सदस्यों को भी शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन प्रवीण खंडेलवाल ने क्लब को ऐतिहासिक नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने एवं ऐसे कार्य करने का वचन दिलाया जो एक शहर में मिसाल बने। विशिष्ट अतिथि गोविंद खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि लायंस क्लब कुछ ऐसी गतिविधियां करें जिससे शहर में एक नई पहचान बने।

मुख्य अतिथि नगर भाजपा अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में क्लब के कार्यों की तारीफ कर क्लब को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने हेतु सभी पदाधिकारी से आश्वासन लिया एवं आगामी सिंहस्थ के लिए लायंस क्लब कोई ऐसी योजना बनाएं जिससे लायंस का नाम डिस्ट्रिक्ट के साथ-साथ इंटरनेशनल में भी हो उसके लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य हो तो मेरा मोबाइल एवं घर 24 घंटे आप सभी के लिए खुला है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लाइन भगवान दास जी एरन डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सुशील पोरवाल रीजन शेयर पर्सन श्रीवास्तव जी झोन चेयरपर्सन नायक इसी के साथ ही वर्ष 2025-26 कार्यकारिणी में अध्यक्ष प्रवीण खण्डेलवाल, चार्टर अध्यक्ष नरेन्द्र खण्डेलवाल, निर्वतमान अध्यक्ष संदीप पाण्डे, प्रथम उपाध्यक्ष अश्विन मेहता, द्वितीय उपाध्यक्ष पदमाकर मूले, तृतीय उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सचिव दीपक राजवानी, सह-सचिव अमित घरिया, विजय शाह, कोषाध्यक्ष नवीन कांकरिया, सह-कोषाध्यक्ष बालकृष्ण मजावदिया, टेमर ज्ञानेन्द्र खण्डेलवाल, पी.आर.ओ. एस. के. सिंह, संचालक संजय सिद्धा, सरबजीत सिंह, संदीप पाण्डे कल्पेश कुचेरिया, प्रकाश गुप्ता, , एस.सी.आई.एफ. कोरडिनेटर एम.जे.एफ. राजेन्द्र शाह, सर्विस चेयर पर्सन एम.जे.एफ. छाया लोखण्डे, मेम्बरशिप कमेटी चेयरपर्सन विनोद जैन, मेम्बरशिप कमेटी को चेयरपर्सन अभय दाता, वित्तीय समिति, दिनेश सिंघल, अभिनन्दन समिति ममता दाता, समन्वय समिति नरेन्द्र खण्डेलवाल, ब्रजमोहन मंत्री, राजेश घाटिया, एस.एन. पंवार, राहुल मिश्रा, राजेश सोडानी मेहूल बोहरा, मोहनलाल खण्डेलवाल, सुरेन्द्र बंसल, चेतन नाइक, विनीत लोखण्डे, परामर्श समिति राजेन्द्र विजयवर्गीय, डॉ. एम. के. शर्मा दीपिका मेहता, पारुल शाह, हंसा राजवानी ने सेवा कार्य की शपथ ली। कार्यक्रम सूत्रधार शपथ विधि विनोद जैन, अश्विन मेहता रहे।

## बेल्जियम की धरती पर गूंजा ओम नम : शिवाय



**उज्जैन।** ओम नम: शिवाय जाप समिति द्वारा बाल योगी उमेशनाथजी महाराज की प्रेरणा से शुरू किए गए ओम नम: शिवाय जाप अब विदेशों में भी हो रहा है। रविवार को बेल्जियम की धरती पर ओम नम: शिवाय गूंजा।

समिति संयोजक हरीसिंह यादव, रवि राय ने बताया उमेशनाथजी महाराज ने जो संकल्प उज्जैन समिति के साथ लिया था। उसे उज्जैन सिद्ध आश्रम के पीठाधीश्वर नारदानंदजी स्वामी प्रणवानंदजी द्वारा बेल्जियम में ओम नम: शिवाय जाप श्रद्धालुओं के साथ मिलकर किया। श्री हरि आध्यात्मिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में ओम नम: जप समिति द्वारा संपूर्ण श्रावण मास में होने वाले ओम नम: शिवाय जाप 16 राज्यों के अनेक शहरों के गुरु भक्तों ने करने का संकल्प लिया है। साथ ही 5 अन्य देशों में भी ओम नम: शिवाय जाप का कार्यक्रम आयोजित किये जावेंगे। संस्था के हरि सिंह यादव, रवि राय ने बताया कि भगवान महाकालेश्वर की इस नगरी में निरंतर ओम नम: शिवाय का जाप किया जाएगा। जप समिति सदस्यों और सहयोगी संस्थाओं के स्थान पर भी जाप किया जाएगा।

समिति सदस्यों की भावना है कि भगवान त्रिलोकी नाथ की नगरी में पूरे सावन मास प्रतिदिन लाखों की तादाद में ओम नम: शिवाय के जाप किया जाए। रवि राय ने कहा कि जो भी समाज संस्थाएं ओम नम: शिवाय का जाप करना चाहती है उनसे अनुरोध है कि हमसे संपर्क करें ताकि भगवान शिव की नगरी में जीवन को उन्नति प्रदान करने वाला ओम नम: शिवाय जप साधना हम सब मिलकर कर सके।

## सिंधी समाज के 192 लोगों के बने आयुष्मान कार्ड



**उज्जैन।** सिंधी समाज उज्जैन द्वारा नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये शिविर संतराम सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधी धर्मशाला में लगाया गया। अध्यक्ष जितेंद्र कृपलानी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार समाज को आयुष्मान योजना से लाभांवित कराने हेतु सिंधी समाज उज्जैन ने आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु भव्य नि:शुल्क शिविर आयोजित किया गया। जिसमें करीब 192 लोग लाभांवित हुए। इस अवसर पर लाड़ली बहनों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ वासू केसवानी, संतोष लालवानी, मनोहर आहूजा, सुरेश आहूजा, गिरधारी लालवानी, राजू चतवानी, राजकुमार परसवानी, नरेंद्र सबनानी, कमल शाहलानी, लालू नागवानी, कुणाल दादवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## वानधी को डबल्स में गोल्ड, सिंगल्स में सिल्वर मेडल

**उज्जैन। ओपन स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट में उज्जैन की वानधी चौधरी गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर दोहरी सफलता हांसिल की।**

बैडमिंटन कोच योगेश बंदेवार ने बताया कि इंदौर में हुई चौथी गोल्डन ट्राफी मप्र राज्य मिनी और सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा में अंडर 15 बालिका वर्ग डबल्स में वानधी चौधरी और अविका वर्मा की जोड़ी ने भोपाल की कृतिका पाठक और इंदौर की श्रेया अग्रवाल की जोड़ी को सीधे 21-18 और 21- 17 से हराकर गोल्ड मेडल जीता।

इसी के साथ सिंगल्स में वानधी चौधरी ने सिल्वर मेडल जीता। वानधी ने विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब में कोच योगेश बंदेवार एवं शैलेंद्र मिश्रा से प्रशिक्षण लिया है। अभी आगे का प्रशिक्षण वानधी साई में ले रही है।

वानधी की इस उपलब्धि के लिए विधायक अनिल जैन कालूहेडा, उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटवा, सेक्रेटरी जितेंद्र मुकाती एवं सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

कोच योगेश बंदेवार एवं दिनेश जाटवा ने बताया कि वैभव यादव के बैडमिंटन एसोसिएशन अध्यक्ष बनने के बाद उज्जैन के बैडमिंटन में उपलब्धियां में तेजी आई है और कई सालों बाद उज्जैन अंडर 17 और 19 बालक एवं बालिका की ओपन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप करने जा रहा है।

## आईटीसी मिलने में होगी परेशानी, नहीं चला आखिरी तारीख पर जीएसटी पोर्टल

### कर सलाहकार संघ ने संयुक्त आयुक्त राज्यकर को परेशानियों से अवगत कराया

**उज्जैन।** कुछ ही दिन पूर्व हम सभी ने जीएसटी की 8वी वर्षगांठ मनाई है। परन्तु आज भी सभी पक्ष जीएसटी पोर्टल की तकनीकी परेशानियों से जूझ रहे है।

कर सलाहकार संघ उज्जैन द्वारा रीता चतुर्वेदी संयुक्त आयुक्त राज्यकर को एक ज्ञापन प्रदान कर इन परेशानियों से अवगत कराया। जीएसटी पोर्टल द्वारा विगत दिनों धारा 46 के अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु जीएसटीआर-4 प्रस्तुत नहीं किये जाने के सुचना पत्र जारी किये गए है। इस सम्बन्ध में रजिस्टर्ड मोबाइल पर एसएमएस द्वारा भी सूचित किया गया है। ये सुचना पत्र अधिकतर ऐसे प्रकरणों में जारी हुए है। जिनमे या तो पंजीयन पूर्व में ही निरस्त करवाए जा चुके है अथवा इन प्रकरणों में उक्त विवरणी दाखिल करने का दायित्व नहीं आता है। इन सुचना पत्रों से व्यापार जगत के साथ ही कर सलाहकारों में भी भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है।

इसी प्रकार जीएसटीआर 1 एवं 3बी मासिक रूप से प्रस्तुत की जाती है। इन रिटर्न्स के अंतिम तिथियों के 2-3 दिन पूर्व से ही पोर्टल पर कार्य की गति धीमी हो जाती है एवं एक ही कार्य को कई बार करने पर पूर्ण होता है। जीएसटी के अंतर्गत कर संकलन एवं इनपुट रिबेट के प्रवाह हेतु ये विवरणियां ही आधार है।

जीएसटीआर 1 भरने की अंतिम तिथि 11 तारीख होती है साथ ही त्रैमासिक आधार पर उक्त रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 13 होती है।

इस बार 13 तारीख को रविवार था परन्तु पोर्टल पर लगभग 10 तारीख से ही भिन्न भिन्न प्रकार की तकनीकी परेशानी आ रही थी। कई करदाताओं व करसलाहकारो ने ट्विटर पर अपनी परेशानिया दर्ज की।

अंतिम तिथि रविवार होने के बाद भी करसलाहकारो के दफ्तर खुले थे व सभी पोर्टल की परेशानी से जूझते रहे। जी इस टी आर 1 समय से जमा न होने से करता व्यवसायी को आई टी सी की पात्रता नहीं रहेगी एवं उसे इस माह उक्त कर नगद में जमा करना होगा।

संयुक्त आयुक्त राज्यकर रीता चतुर्वेदी ने आश्वस्त किया की उक्त परेशानियों के निराकरण हेतु मुख्यालय में चर्चा की जावेगी। उक्त ज्ञापन संस्था सचिव एडवोकेट प्रसून भवालकर व सह सचिव एडवोकेट जीतेन्द्र चौहान द्वारा दिया गया। संस्था अध्यक्ष सीए नीलेश अग्रवाल द्वारा बताया गया की जीएसटी एक तकनीकी आधारित टैक्स प्रणांली है जिसमे पोर्टल के माध्यम से ही सभी काम होते है। पोर्टल पर इस प्रकार की परेशानिया व्यापारी जगत में जीएसटी के प्रति नकारात्मक सोच को बढ़ावा देती है। साथ ही शासन का भी काम बढाती है।

**शतरंज स्पर्धा** | स्पर्धा में छह : विभिन्न राउंड में मुकाबले आयोजित हुए। भारतीय ज्ञानपीठ परिसर में आयोजित ओपन चेस टूर्नामेंट का समापन

## शह-मात के खेल में प्रतिभावान खिलाड़ियों ने दिखाया जलवा



**उज्जैन।** उज्जयिनी जिला शतरंज संघ और मध्यप्रदेश एडहॉक कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन में ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस शतरंज स्पर्धा में शहर के 64 बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का बेहतर प्रदर्शन किया। स्पर्धा में छह: विभिन्न राउंड में मुकाबले आयोजित हुए। भारतीय ज्ञानपीठ परिसर में आयोजित ओपन चेस टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय ज्ञानपीठ संस्था की डायरेक्टर अमृता कुलश्रेष्ठ और भारतीय स्कूल की प्राचार्या रचना श्रीवास्तव थीं। कार्यक्रम में उज्जयिनी जिला शतरंज संघ अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ, कौडिनेटर पुष्पेन्द्र शर्मा, सचिव महावीर जैन, स्वदेश शर्मा, अनिल गुप्ता, विश्वास शर्मा, टूर्नामेंट डायरेक्टर आरसी शर्मा, सूरजभान सिंह चंदेल, आर्बिटर शुभम कुशवाह उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण करते हुए संस्था डायरेक्टर अमृता कुलश्रेष्ठ और रचना श्रीवास्तव ने सभी शतरंज खिलाड़ियों के खेल की सराहना की और बच्चों में शतरंज खेल के प्रति रूचि देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। एक दिवसीय स्पर्धा में शतरंज के 64 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 5 साल से लगाकर 19 साल तक के शतरंज खिलाड़ी शामिल हुए। स्पर्धा के दौरान छह: अलग अलग राउंड में रोमांचक मुकाबले हुए। जिसमें अंडर 19 में प्रथम स्थान वैभव त्रिवेदी ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर शिवम जोशी, तीसरे स्थान पर अविक अग्रवाल, चौथे स्थान पर दृष्टि पटेल, पांचवें स्थान पर भव्य त्रिवेदी, छठें स्थान पर सुरभित सूर्यवंशी और सातवें स्थान पर आदिश जैन व कुशाग्र माहोर रहे। इसी तरह अंडर 16 वर्ग में मानस निरखे प्रथम, नैतिक परमार द्वितीय, स्वरा सूर्या तृतीय, मानस व्यास चतुर्थ और वेदिका घाटगे पांचवे स्थान पर रहे। स्पर्धा में छठां स्थान पर शौर्य दिवरे, सातवां स्थान श्रेया सिनरकर एवं आठवां स्थान वेदांत तिवारी ने प्राप्त किया। अंडर 13 वर्ग में प्रथम स्थान सात्विक कुमार, द्वितीय अनंत उपाध्याय, तृतीय अनिकांत सेठी रहे। स्पर्धा में क्रमश: नवल नीमा, सोम विश्वकर्मा, ईरा परमार, सम्यक जैन, अथर्व पसारी ने चौथा, पांचवा, छठां, सातवां व आठवा स्थान प्रपप्त किया। इसी तरह अंडर 09 वर्ग में रूद्राक्ष भास्कर कटियार प्रथम, अभिजीत पटेल द्वितीय, अयांश काला तृतीय, मानसा पुष्पाध्याय चतुर्थ एवं मन्नत गोयल पांचवें स्थान पर रहीं। स्पर्धा में सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदानकर सम्मानित किया गया। साथ ही शतरंज स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।